विकास | मां पाटेश्वरी देवी के नाम से तुलसीपुर के बड़गो गांव में होगा तैयार

12 करोड़ से बनेगा प्लेज पार्क

मंगल देव गिरि

बलरामपुर। मां पाटेश्वरी देवी प्लेज पार्क (निजी औद्योगिक पार्क) की स्थापना पर 12 करोड़ रुपये खर्च होंगे। तुलसीपुर के बड़गो गांव में 15 एकड़ भूमि में प्लेज पार्क निर्माण कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्लेज पार्क में 35 भूखंड तैयार होंगे। उद्यमियों के कारोबार के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

35 भूखंड होंगे तैयार, बढ़ेगा कारोबार, रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

धार्मिक नगरी शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर धाम तुलसीपुर में निजी औद्योगिक पार्क के स्थापना की कार्ययोजना धरातल पर उतार दी गई है। तुलसीपुर नगर के बड़गो गांव में 15 एकड़ भूमि पर प्लेज पार्क (प्रमोटिंग लीडरशिप एंड एंटरप्राइज फॉर डेवलपमेंट ऑफ ग्रोथ इजंस) की स्थापना कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

प्लेज पार्क के विस्तार में पूंजी लगाने के लिए निवेशक को तीन वर्षों तक सिर्फ एक प्रतिशत ब्याज पर ही बैंक से 7.5 करोड़ रुपये का ऋण दिलाया जाएगा। निवेशक को ऋण की पूंजी छह वर्ष में वापस करनी होगी। स्टांप शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

निजी औद्योगिक पार्क में निवेशक को बाउंड्रीवॉल के साथ फेसिंग, कंकरीट रोड, नाली, कलवर्ट, ट्रांसफार्मर, बिजली, पेयजल व सीवरेज की व्यवस्था करानी होगी। उद्यमियों के लिए प्लेज पार्क में सभी संसाधनों से लैस 35 भूखंडों के निर्माण का खाका तैयार कर लिया गया है। (संवाद)

प्लेज पार्क में लगा सकेंगे मिलें

उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि प्लेज पार्क में उद्यमियों को राइस मिल, फ्लोर मिल, दाल मिल, तेल मिल, अचार, मुरब्बा एवं साबुन जैसी अलग-अलग फैक्टरी स्थापित करने का अवसर मिलेगा। पारंपरिक उद्योग हथकरघा, हस्तशिल्प व अन्य छोटे उद्योग इस योजना से आधुनिक सुविधाओं और नई तकनीक से सुसज्जित हो सकते हैं। प्लेज पार्क के मालिक भूखंडों को किराये पर देकर नियमित आय अर्जित कर सकते हैं। पार्क में अन्य कई तरह की औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

कई प्लेज पार्क की स्थापना की तैयारी

" उद्यमियों को कारोबार का बेहतर स्थल मुहैया कराने, बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर सुलभ कराने एवं जिले का विकास कराने के लिए कई प्लेज पार्क के स्थापना की तैयारी की जा रही है। तुलसीपुर में मां पाटेश्वरी देवी प्लेज पार्क की स्थापना कराने के बाद बलरामपुर व उतरौला में भी प्लेज पार्क के लिए जमीन की तलाश कराई जा रही है।

-पवन अग्रवाल, डीएम